राजस्थान सरकार

# डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

---

संविधान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता–2022

## विषय :– "महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर की भूमिका"

दिनांक :– 27.02.2023 (समय– 2 घंटा, पूर्णांक– 100 अंक)

स्तर :– विद्यालय / विश्वविद्यालय / महाविद्यालय

RANK – I

| कार्यालय उपयोग हेतु | मूल्यांकन हेतु |
|---|---|
| | 66 |

विद्यार्थी का नाम – AAROHI RATHOR

पिता का नाम – HANUMAN RATHOR

महाविद्यालय / विधालय का नाम – MAHARANI GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL

जिले का नाम – BUNDI

# राजस्थान सरकार
# डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

संविधान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता–2022

विषय :– "महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर की भूमिका"

दिनांक :– 27.02.2023 (समय– 1 घंटा, पूर्णांक– 100 अंक)

स्तर :– विद्यालय

| कार्यालय उपयोग हेतु | मूल्यांकन हेतु |
| --- | --- |
| 112-S | 66 |

# Role of Dr. Ambedkar in women's upliftment

"I shall see the progress of a community or society by the number of degrees achieved by women"

— Dr. B.R. Ambedkar.

## 1. Introduction:-

Dr. Bhim rao Ambedkar was born on 14th of April 1861 was a jurist, economist, philosopher lawyer who worked in the upliftment of women.

He put his major efforts to ~~fo~~ make miserable, poor and worst condition of women good. He is a law minister and he

Scanned with OKEN Scanner

made many reforms in constitution in the good reference of women.

- In 1928, Women welfare community was established by Dr. Ambedkar's wife Rama Bai in which there are many policies for women's development and progress.

Dr. Ambedkar suffered from untouchability and he wants to abolish this caste system therefore he made his efforts in gender inequality because he thinks that welfare of a society or country leads to welfare of women.

So firstly he establish many institution to educate women. It is only way to abolish all kind of problem prevailing that time.

Savitri Bai Phule was first Indian lady to be educated.

Scanned with OKEN Scanner

## 2. Meaning of Women Upliftment

Women upliftment is a multi-dimensional concept. It include social, economic, political progress of women in every section. So that women can become confident, self-dependent and contribute in their country's, community and society's development.

Women upliftment is must because without their contribution we can't do nothing. They have divine power in them as they have given place of God.

Women upliftment can be done by providing them education, give them equal opportunities in the field of administration, technology, science, Industry $ trade and in every field.

Scanned with OKEN Scanner

# 3. Condition of women in Ambedkar's time

The condition of women in 19th century were not good we can say their condition is worst.


People believe according to Manu smriti that educating women is a sin.

As India our country is a male dominated society so more importance was given to the boy child.

People believe that girls are only made for marriage and to do household or domestic works.

By seeing all these in Indian society. Dr. Ambedkar aimed to raise the status of women in the society by putting all his major efforts

Scanned with OKEN Scanner




He was influenced by Buddhism philosophy in Buddhism women have been placed at highest place and treat them in a well mannered way.

Scanned with OKEN Scanner

4. Dr. Ambedkar's Contribution in women upliftment

Dr. Ambedkar was known as 'Father of Indian constitution.

He was a great thinker, lawyer, philosopher and jurist.

- His contribution in women upliftment is so appreciable.
  - He wants that no one can be discriminated on the basis of caste, colour, ~~cult~~ culture, religion, gender or sex etc.

- According to ar 252 he made 50% reservation for women in Panchayati Raj system.

So that women can actively participate in the field of politics and administration.

Scanned with OKEN Scanner

- According to Ar. 14 to 16 women have right to equal oppourtunity as per males have.

- According to Ar. 28, 52(A), 21, 43, women received equal ~~rer~~ renumeration, work will be done in term's of women's welfare.

- Right to vote:
  They have equal right to vote as males have.
  They can give their vote after 18 years of age or above according to Universal Adult franchise.

- He works to remove gender inequality because women are mostly backward due to gender inequality.

Scanned with OKEN Scanner

- As Dr. Ambedkar was a union law minister and he do number of reforms in reference and welfare of women are:-

**Major Reforms done by Ambedkar**

- The Sati Prevention Act 1966
- The Dowry prevention Act 1976
- Domestic violence protection Act 2005
- The National commission for women welfare 1990
- Maternity leave
- Equal Renumeration

- He introduced Hindu Bill code in 1928 to incorporate but this bill not successful due to Jawahar lal Nehru's interference.

- On 20 Jan 1942, he organised "Akhil Bharatiye Mahila Sammelan'. In which 25000 women actively gathered and participate.

5. Women's condition due to Dr. Ambedkar's efforts:-

In present sceanario, women's status and place is become more significant. They contribute in every field:-

- Engineering
- Politics
- Commerce
- Administration
- Trade
- Industry
- Education
- Science
- Technology
- (

- By providing them education they become independent.


6. Major outcomes of Dr. Ambedkar's Efforts

- As we have seen that he is first person to put his efforts in women's upliftment.

- Now-a-days women can do everything that a man can do. They ~~are~~ have full energy and potential ~~to~~ do every tasks.

- There are many positive outcomes of Dr. Ambedkar's efforts are women upliftment in every section of society

Scanned with OKEN Scanner




- His policy is that " Educate, Agitate and organise.
- He made reforms and provide equal property of his father.

7. Conclusion

As we have seen Dr. Ambedkar's contributi in the field of women's upliftment is incredible and ~~inv~~ invaluible.

We ~~can~~ appreciate them that a great personality was born in India.

- We can't forgot his efforts, he salute th

- Now it is our responsibility to take his efforts positively and paved the path in a progressive manner.

- His work is unforgettable we appreciate him that he abolish all evils customes.

Broke the barriers that comes as a hurdle in women's progress and developm

Scanned with OKEN Scanner

- Women can live a better life in a modern world.

    There are still some conditions but we have ~~to~~ manage them.

- Due to Dr Ambedkar's positive efforts women can ~~tf~~ live a happy ~~and~~ life.

"I want to see women's upliftment rapidly so that my soul will be more Happy'"

— Dr. B.R. Ambedkar.

- By Dr. Ambedkar's contribution there a is reservation for ~~schdu~~ SC people.

    Those who have been considered as Dalits and untouchables.

Scanned with OKEN Scanner

- He prooved that no one can stop us to achieve our goals in form of caste, religion, gender or sex.

- He becomes an inspiration for all of us We appreciate ~~the~~ him and want to do something more to fulfill his dream

(1½)

राजस्थान सरकार

# डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

**संविधान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता–2022**

## विषय :– "महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर की भूमिका"

दिनांक :– 27.02.2023 (समय– 2 घंटा, पूर्णांक– 100 अंक)

स्तर :– विद्यालय / विश्वविद्यालय / महाविद्यालय

Rank - II

| कार्यालय उपयोग हेतु | मूल्यांकन हेतु |
|---|---|
| | 65 |

विद्यार्थी का नाम – MANSI PANWAR

पिता का नाम – SUNIL KUMAR PANWAR

महाविद्यालय / विधालय का नाम – GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BIKANER

जिले का नाम – BIKANER

Dr B R Ambedkar Foundation Jaipur

# राजस्थान सरकार

## डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

ME- MANSI PANWAR

er's me - SUNIL KUMAR PANWAR

CHOOL-GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL BIKANER

संविधान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता–2022

विषय :– "महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर की भूमिका"

दिनांक :– 27.02.2023 (समय– 1 घंटा, पूर्णांक– 100 अंक)

स्तर :– विद्यालय

| कार्यालय उपयोग हेतु | II Rank मूल्यांकन हेतु |
|---|---|
| 109 - S | 65 |

Scanned with OKEN Scanner

⇒ "मैं किसी समाज की तरक्की इस बात से देखता हूँ कि वहाँ महिलाओं ने कितनी तरक्की की है"

महिलाओं के उत्थान के लिए बाबा साहब कितने गंभीर थे, यह बताने के लिए उनका ये एक कथन ही काफी है। भारत में फेमिनिज्म अर्थात् नारीवाद के बारे में जब कोई ढंग से जानता भी नहीं था। उस वक्त बाबा साहब ने महिला सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्य किए, जिससे आज भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष तक पहुँच चुकी हैं।

20वीं शताब्दी में बाबा साहब पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने ब्राह्मणवादी पितृसत्ता को खुली चुनौती दी। लेकिन विडंबना देखिए.... इतना सब कुछ करने के बाद भी बाबा साहब भारत में नारीवाद का चेहरा नहीं बन पाए। लोगों ने उन्हें दलितों के नेता और संविधान निर्माता तक ही सीमित कर दिया था, लेकिन महिलाओं की भलाई के लिए जितना कार्य बाबा साहब ने किया, शायद ही किसी अन्य भारतीय नेता ने किया होगा। उनकी आधुनिक सोच और दूरदर्शिता का पता हम इन बातों से लगा सकते हैं कि जब भारतीय महिलाओं को चार दीवारी में कैद कर रखा जाता था, उस वक्त उन्होंने कामकाजी महिलाओं को मैटरनिटी लीव दिलाई।

⇒ महिला विरोधी कुरीतियों को समाप्त करना:-

25 दिसम्बर 1927 को बाबा साहब ने मनुस्मृति को सिर्फ इसलिए नहीं जलाया क्योंकि उसमे शुद्रों के बारे में बुरी बातें लिखी हुई थी, बल्कि उन्होंने उस घृणित किताब को इसलिए जलाया था क्योंकि उसमें महिलाओं को गुलाम बनाने के तरीके भी लिखे हुए थे।

बाबा साहब ने असहाय महिलाओं को उठकर लड़ने की प्रेरणा देने के लिए बाल विवा
तथा देवदासी प्रथा जैसी घटिया प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाई। 1928 में मुंबई में
महिला कल्याणकारी संस्था की स्थापना की गई जिसकी अध्यक्षा बाबा साहब की पत्
रमाबाई को बनाया गया। 20 जनवरी 1942 को बाबा साहब के नेतृत्व में एक अखि
भारतीय दलित महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 25,000 महिलाओं
ने हिस्सा लिया।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो संभवत: बाबा साहब पहली ऐसी शख्सियत रहे हैं, जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं को जेंडर की दृष्टि से समझने की कोशिश की। उनकी पूरी वैचारिकी के मंथन और दृष्टिकोण का सबसे अहम मंथन का हिस्सा नारी सशक्तिकरण रहा है। भारतीय नारीवादी चिंतन और बाबा साहब के महिला चिंतन की वैचारिकी का केंद्र ब्राह्मणवादी पितृसत्तात्मक व्यवस्था और समाज में व्याप्त परंपराओं और सांस्कृतिक मान्यताएँ रही हैं। जो महिला को पुरुषों के अधीन बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।

⇒ तलाक, संपत्ति और बच्चे गोद लेने का अधिकार:-

बाबा साहब ने संविधान के जरीये महिलाओं को वे अधिकार दिए हैं, जो मनुस्मृति ने नकारे थे। उन्होंने राजनीति और संविधान के जरिये भारतीय समाज में स्त्री-पुरुष के बीच असमानता की गहरी खाई को पाटने का सार्थक प्रयास किया।

'हिंदु कोड बिल' के जरिये भी उन्होंने संवैधानिक स्तर पर महिला हित की रक्षा के लिए प्रयास किये। इस बिल के 4 प्रमुख अंग थे।-

Scanned with OKEN Scanner

(i) हिंदुओं में बहु विवाह की प्रथा को समाप्त करना।
(ii) महिलाओं को संपत्ति मे अधिकार और बच्चे गोद लेने के अधिकार देना।
(iii) पुरुषों के समान महिलाओं को भी तलाक का अधिकार देना।
(iv) आधुनिक और प्रगतिशील विचारधारा के अनुरूप ~~उन्होंने~~ समाज को एकीकृत करके मजबूत बनाना।

डॉ. अम्बेडकर का मानना था कि 'सही मायने में प्रजातंत्र तब आयेगा जब महिलाओं को अपने पिता की संपत्ति में बराबरी का हिस्सा मिलेगा। उन्हें पुरुषों के समान अधिकार दिये जाएंगे। महिलाओं की उन्नति तभी होगी जब उन्हें समाज और परिवार में बराबरी का दर्जा मिलेगा। शिक्षा और आर्थिक उन्नति उनकी इस काम में मदद कर सकती है।

⇒ नारी शिक्षा (महिलाओं के पढ़ने-लिखने का अधिकार):-
बाबा साहब ने पढ़ाई के दौरान अपने पिता के एक करीबी मित्र को पत्र में लिखा 'बहुत जल्द भारत प्रगति की दिशा स्वयं तय करेगा, लेकिन इस चुनौती को पुरा करने के लिए हमे भारतीय स्त्रियों की शिक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे।
18 जुलाई 1927 को करीब तीन हजार महिलाओं की संगोष्ठि मे उन्होंने कहा था- 'आप अपने बच्चों को स्कूल भेजिए। शिक्षा महिलाओं के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितनी की पुरुषों के लिए। यदि आपको पढ़ना-लिखना आता है, तभी समाज में आपका उद्धार संभव है। शादी के बाद महिलाएँ खुद को गुलाम की तरह महसूस करती है, जिसका सबसे बड़ा कारण है निरक्षरता। यदि महिलाएं साक्षर होंगी तो उन्हें कभी ये महसूस नही करना पड़ेगा।

भारत की प्रथम महिला शिक्षिका ज्योतिबा फुले और फातिमा शेख की इस परंपरा को बाबा साहब ने आगे बढ़ाया और महिलाओं को पढ़ने-लिखने की आजादी के लिए खूब प्रयास किया। मनुस्मृति में महिलाओं को जड़, मूर्ख और कपटी स्वभाव का माना गया है और शूद्रों की तरह उन्हें भी अध्ययन से वंचित रखा गया है, लेकिन बाबा साहब ने महिला शिक्षा के लिए बहुत काम किए।

⇒ मैटरनिटी लीव :-

आज कामकाजी महिलाएँ 26 हफ्तों की मैटरनिटी लीव ले सकती हैं, जिसकी शुरुआत भी बाबा साहब द्वारा की थी। 10 नवंबर 1938 को बाबा साहब बॉम्बे लेजिस्लेटिव असेंबली में महिलाओं की समस्याओं से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। इस दौरान उन्होंने प्रसव के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। 1942 में सबसे पहले मैटरनिटी बैनेफिट बिल डॉ. अम्बेडकर द्वारा ही लाया गया था। इसके बाद 1948 में Employees State Insurance Act के जरिये महिलाओं को मातृत्व अवकाश की व्यवस्था की।

⇒ मताधिकार (वोट देने का अधिकार)

मताधिकार को लेकर 20 वीं शताब्दी के आधे हिस्से तक दुनिया भर मे कई आंदोलन चले। नारीवाद की पहली और दूसरी लहर में महिलाओं के लिए मताधिकार की मांग की गई। लेकिन उस वक्त भारत में इनको लेकर आंदोलन नहीं चले। जब बाबा साहब को संविधान लिखने का मौका मिला, तो उन्होंने महिलाओं को भी समान मताधिकार दिया।

Scanned with OKEN Scanner

आज 18 साल की उम्र की महिलाएँ मत डालने का अधिकार रखती हैं।

⇒ निष्कर्ष :-

डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि 'मैं नहीं जानता की इस दुनिया का क्या होगा, जब बेटियों का जन्म ही नहीं होगा।' स्त्री सरोकारों के प्रति बाबा साहब का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

सामाजिक न्याय, सामाजिक पहचान, समान अवसर और संवैधानिक स्वतंत्रता के रूप में नारी सशक्तिकरण के लिए योगदान में उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी याद किया जायेगा।

65

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान सरकार

# डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेड़कर पीठ),

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

संविधान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता–2022

## विषय :– ''महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर की भूमिका''

दिनांक :– 27.02.2023 (समय– 2 घंटा, पूर्णांक– 100 अंक)

स्तर :– विद्यालय / विश्वविद्यालय / महाविद्यालय

RANK - III

| कार्यालय उपयोग हेतु | मूल्यांकन हेतु |
|---|---|
| | 63 |

विद्यार्थी का नाम – PRIYANKA KANWAR

पिता का नाम – ABHAY SINGH

महाविद्यालय / विधालय का नाम – GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL UDRASAR NAGOUR

जिले का नाम – NAGOUR

Scanned with OKEN Scanner

# महिला उत्थान में डॉ भीमराव अम्बेडकर की भूमिका

**संकेत बिन्दु :-**

1) प्रस्तावना
2) महिला उत्थान में डॉ भीमराव अम्बेडकर के विचार
3) महिला उत्थान में डॉ भीमराव अम्बेडकर का योगदान
4) नारी शिक्षा में डॉ भीमराव अम्बेडकर का योगदान
5) महिला मताधिकार में अम्बेडकर का योगदान
6) लैंगिक समानता में अम्बेडकर का योगदान
7) तलाक, संपत्ति व गोद लेने का अधिकार
8) निष्कर्ष

**1. प्रस्तावना :-**

प्राचीन भारत से लेकर वर्तमान तक हमारा देश पितृसत्तात्मक अवधारणा पर आधारित है। भारतीय समाज में महिलाओं को विभिन्न सामाजिक विषमताओं का शिकार होना पड़ रहा है, जैसे - बाल विवाह, सती प्रथा, पर्दा प्रथा, देवदासी व्यवस्था दहेज प्रथा व घरेलू हिंसा आदि। डॉ भीमराव अम्बेडकर का मानना है कि महिला उत्थान अर्थात सामाजिक कल्याण के लिए महिलाओं की प्रगति आवश्यक है, तभी महिलाएँ समाज में आगे बढ़ सकती हैं। डॉ अम्बेडकर का उद्देश्य स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व के लोकतांत्रिक विचारों के साथ समाज का पुनः निर्माण करना है जिसमें

Scanned with OKEN Scanner

महिलाओं को समाज में आगे लाया जा सके। मेरे इस शोध पत्र में डॉ अम्बेडकर के विचार, महिला उत्थान में उनकी भूमिका व वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता पर ध्यान केन्द्रित करता है।

**शब्द कुंजी :-**

महिला सशक्तीकरण, भारतीय समाज, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व व सामाजिक न्याय।

"शिक्षा जितनी पुरुषों के लिए,
जरूरी है
उतनी ही महिलाओं के लिए भी,
जरूरी है।"

डॉ भारतीय संविधान के रचयिता डॉ अम्बेडकर केवल दलितों के ही नेता नहीं थे वरन् वह एक ऐसे राष्ट्रपुरुष थे जिसने पूरे देश के संबंध में, भारत के इतिहास के सम्बन्ध में व समाज निर्माण में महत्वपूर्ण वैचारिक योगदान दिया है। डॉ अम्बेडकर एक लेखक, विद्वान, राजनयिक, समाजसुधारक व समाजशास्त्री के रूप में नई पीढ़ी के लिए दैदीप्यमान सूर्य के रूप में उभर कर आते हैं।

2) **महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर के विचार :-**

बाबा साहब प्रायः कहते थे कि मैं हिंदू कोड बिल को लागू कर समस्त नारी जाति का कल्याण चाहता हूँ। हिंदू कोड बिल पर जिन दिनों चर्चा हो रही थी तब मैंने पतियों द्वारा छोड़ी

गई युवतियों व प्रौढ़ महिलाओं को देखा। वह उन दयनीय दिनों में अपने माता-पिता व भाई-बन्धुओं के साथ रहा करती थी। पतियों द्वारा अपनी पत्नी को नाममात्र का जीवन निर्वाह के लिए चार-पाँच रुपये भेजा जाता था।

अभिभावकों का हृदय भी अपनी पुत्रियों व बहनों को देखकर दुःखसंतप्त अर्थात् करुणासंतप्त रहता था। डॉ अम्बेडकर का करुणामयी हृदय उन स्त्रियों की करुण गाथा सुनकर पिघल जाता था।

हिंदू कोड बिल के मुद्दे पर संसद के सदस्यों का कहना था कि इस मुद्दे को विशेष जमात से लागू किया जाएगा। विरोधियों के हर एक सवाल का बाबा साहब ने तुरंत ~~जबाव~~ जवाब दिया अर्थात् दलीलें दी। संसद के अध्यक्ष ~~ने~~ ने भी संसद के सदस्यों का परोक्ष रूप से साथ दिया।

इन्हीं दिनों "इलज वीकली" नामक मासिक महिला पत्रिका में यह दलील दी गई कि बौद्ध धर्म के कारण महिलाओं का अधोपतन हुआ है। इसके जवाब में डॉ अम्बेडकर ने "महाबोधि" नामक मासिक पत्रिका में 1951 में "राइज एंड फॉल ऑफ दि हिंदू वीमेन" शीर्षक से लेख लिखा जिसमें बताया गया कि बौद्ध धर्म में स्त्रियों को जो स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। वह मनु ने नष्ट कर दी। बौद्ध धर्म से स्त्रियों को शिक्षा की स्वाधीनता मिली।

3) महिला उत्थान में डॉ अम्बेडकर का योगदान :- डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय समाज में विभिन्न घटनाओं जैसे - जाति प्रथा, पर्दा प्रथा, दहेज प्रथा, सती प्रथा आदि

Scanned with OKEN Scanner

के लिए एक समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने भारतीय समाज की महिलाओं को परिवार नियोजन जैसे उपायों के प्रति जागृत किया, इसके अलावा उन्होंने हिंदू व मुस्लिम महिलाओं की स्थिति की व्यापक समीक्षा की।

इन सभी घटनाओं को ध्यान में रखकर उन्होंने विभिन्न धर्म, पंथ, लिंग के बावजूद समानता की अवधारणा को शामिल करके सामाजिक कल्याण को महसूस किया ताकि महिलाओं का उत्थान हो सके। ~~उन्होंने~~ उन्होंने महिलाओं के विकास को हासिल करने के लिए 1918 में जनसंख्या के अनुपात में अलग निर्वाचक मंडल व आरक्षित सीटों की मांग की और दलित वर्गों को मुक्त कराने व उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने 1920 में आंदोलन शुरू कर दिए ताकि दलित लोगों के साथ अन्याय न हो व महिलाएँ भारतीय समाज में स्वयं को सशक्त समझ सके।

भारतीय समाज में डॉ भीमराव अम्बेडकर ने सामाजिक आदेशों के खिलाफ गंभीर प्रचार में उन्होंने 1920 में "मूकनायक" व 1927 ~~में~~ में "बहिष्कृत भारत" की पत्रिका प्रकाशित की। 18 फरवरी 1927 को मुम्बई विधान परिषद् के सदस्य नामित होने के बाद उन्होंने भारतीयों को इसमें शामिल होने को कहा ताकि महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो। महिलाओं की उत्थान व प्रगति के बारे में बाबा साहब के विचार इस प्रकार हैं.

"मैं किसी समाज की तरक्की इस बात से देखता हूँ,
कि वहाँ महिलाओं ने कितनी तरक्की की है।।"

महिलाओं की तरक्की के बारे में बाबा साहब कितने गंभीर थे ये बताने

के लिए उनका यह एक कथन ही काफी है। जब भारत में "फेमिनिज्म" यानी नारीवाद का कोई नाम भी ढंग से नहीं जानता था तब अम्बेडकर ने नारी सशक्तिकरण के ऐसे काम किए कि आज महिलाएँ हवाई जहाज तक उड़ा रही हैं।

5) नारी शिक्षा में अम्बेडकर का योगदान :-

डॉ भीमराव अम्बेडकर ने प्रायः अपने असंख्य बच्चों का भविष्य शिक्षा के द्वारा संवारा है इसलिए वह बखूबी शिक्षा का महत्व जानते थे। वे लड़कों के साथ महिलाओं को पढ़ाने के भी पक्षधर थे। जेएनयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रवेश कुमार के मुताबिक 1913 में न्युयार्क में भाषण देते हुए बाबा साहब ने कहा कि "माता - पिता बच्चे को जन्म देते हैं कर्म नहीं, माता अपने बच्चों की जीवन उचित दिशा में मोड़ सकती है, यह बात अगर हम अपने मन में अंकित कर महिलाओं को पढाये तो हमारा देश और तेज उन्नति करेगा"। बाबा साहब का यह कथन आज पूरी तरह सच साबित हुआ आज स्त्रियाँ अंतरिक्ष तक पहुँच चुकी है। नारी शिक्षा के बारे में अम्बेडकर के विचार इस प्रकार हैं -

"देश को है अगर आगे बढ़ाना,
तो नारी को होगा पढ़ाना"।

18 जुलाई 1927 को बाबा साहब ने तीन हजार महिलाओं की संगोष्ठि में कहा कि आप अपने बच्चों को विद्यालय भेजिए। एक पिता का पहला कर्तव्य महिला को शिक्षा से वंचित न रखने के संबंध में होना चाहिए तभी महिलाएँ आगे बढ़ सकती है। बाबा साहब ने सावित्री बाई फुले व फातिमा शेख की परम्परा को आगे बढाकर महिलाओं को पढाने का खूब प्रयास किया।

Scanned with OKEN Scanner

v) महिला मताधिकार में बाबा साहेब का योगदान :-

वोटिंग राइट्स को लेकर 20 वीं सदी के आधे हिस्से तक दुनिया भर में आंदोलन चले। वोटिंग राइट्स को लेकर नारीवाद की प्रथम व द्वितीय लहर में जबरदस्त आंदोलन हुए लेकिन तब भारत में आंदोलन नहीं हुए। जब बाबा साहब को भारत का संविधान लिखने का मौका मिला तो बाबा साहब ने महिलाओं को भी मताधिकार का अधिकार दिया जबकि यूरोपीय देशों में महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्राप्त नहीं था।

मनुस्मृति काल में महिलाएँ अन्याय व अपमानित होती थी। मनु के 9 वे अध्याय के दूसरे व तीसरे श्लोक में कहा गया है कि - स्त्री को कभी भी स्वतंत्र नहीं होने देना चाहिए उन्हें लैंगिक संबंधों के द्वारा अपने वश में रखना चाहिए।

vi) लैंगिक समानता :-

डॉ बाबा साहब ने संविधान में पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों को बराबरी का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि "किसी भी महिला को किसी अवसर से इसलिए वंचित नहीं रखा जाएगा कि वह स्त्री है और ना ही उनके साथ लिंग के आधार पर भेदभाव होगा।

" मैं किसी समाज की प्रगति को
उस डिग्री में मापता हूँ जो
महिलाओं ने हासिल की है।"

vii) तलाक, गोद लेने संबंधी अधिकार :-

बाबा साहब ने संविधान में उन अधिकारों को मान्यताएँ दी जो मनुस्मृति ने अस्वीकार की थी। उन्होंने संविधान व राजनीति के जरिए ल स्त्री व पुरूष के बीच असमानता की अ